PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

**Navbharat Times, Delhi**
**Tuesday 17th December 2013, Page: 13**
**Width: 5.48 cms, Height: 9.29 cms, a4, Ref: pmin.2013-12-17.27.70**

# ग्लैक्सो फार्मा में स्टेक बढ़ाएगी पैरेंट कंपनी

[एजेंसी | नई दिल्ली]

**ब्रिटेन की** फार्मा सेक्टर की दिग्गज कंपनी ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन पीएलसी (जीएसके) ने अपनी भारतीय इकाई ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन फार्मास्युटिकल्स में 24.33 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने के लिए ओपन ऑफर लाने का एलान किया है। कंपनी इस स्टेक को खरीदने पर करीब 6,389.02 करोड रुपए खर्च करेगी। इससे बंबई शेयर बाजार में उसकी ग्लैक्सो



फार्मा के शेयरों में 20 फीसदी तक की तेजी आई। इस ओपन ऑफर के जरिए जीएसके की योजना ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन फार्मा में अपनी हिस्सेदारी मौजूदा 50.67 फीसदी से बढ़ाकर 75 फीसदी करने की है। कुछ इसी तरह यूनिलीवर ने इसी साल अपनी भारतीय इकाई हिंदुस्तान यूनिलीवर में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई थी। ओपन ऑफर के तहत जीएसके 2,06,9,774 शेयरों का बायबैक 3,100 रुपए प्रति शेयर के मूल्य से करेगी।